## न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, पाली
## पीठासीन अधिकारी : डॉ0 बजरंगसिंह चौहान, आर.ए.एस.

पुनर्विलोकन प्रार्थना पत्र संख्या : 06 / 2017

| प्रार्थी:– | बनाम | अप्रार्थीगण :– |
|---|---|---|
| 1 गणाराम पुत्र मनाराम जाति मेघवाल निवासी बसन्त तहसील सुमेरपुर जिला पाली | | 1 राजस्थान सरकार (भूमिधारी) जरिये तहसीलदार सुमेरपुर |

पुनर्विलोकन प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 86 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :–

1. लक्ष्मण के0 चौधरी, विद्वान अभिभाषक प्रार्थी
2. सरकारी पैरोकार, अप्रार्थी की ओर से

–: निर्णय :–

दिनांक 23.10.18

प्रार्थी की ओर से उनके अधिवक्ता ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 86 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत प्रस्तुत कर न्यायालय हाजा द्वारा राजस्व अपील संख्या 10 / 2016 में पारित निर्णय दिनांक 23.09.2016 को पुनर्विलोकित करने का निवेदन किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। उभयपक्ष अभिभाषकगण की बहस सुनी गई।

विद्वान अभिभाषक प्रार्थी ने अपनी बहस में कथन किया कि ग्राम बसन्त के खसरा नम्बर 838 रकबा 0.01 हैक्टेयर किस्म गै0मु0 रास्ता की भूमि पर प्रार्थी का अतिक्रमण बताते हुए पटवारी हल्का की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय तहसीलदार सुमेरपुर द्वारा प्रार्थी के विरूद्ध राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 के तहत प्रकरण दर्ज अपीलाण्ट को सुनवाई का अवसर दिये बिना ही आदेश बेदखली पारित किया तथा पश्चातवर्ती अतिक्रमण मानते हुए तीन माह के सिविल कारावास की सज़ा से दण्डित किया। उक्त निर्णय के विरूद्ध अपीलाण्ट द्वारा प्रथम अपील न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की, किन्तु वहां से अपीलाण्ट को कोई राहत प्राप्त नहीं हुई। उक्त दोनों ही निर्णयों के विरूद्ध अपीलाण्ट द्वारा न्यायालय हाजा के समक्ष अपील प्रस्तुत की। न्यायालय हाजा के समक्ष अपीलाण्ट दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहता था, जो नहीं किये जा सके एवं बिना सुनवाई का अवसर प्रदान किए ही न्यायालय हाजा द्वारा जैर पुनर्विलोकनाधीन निर्णय पारित किया, जो विधि विरूद्ध है। जैर अपील विवादित आराजी आबादी भूमि है, किन्तु मात्र राजस्व रेकर्ड में गलत प्रविष्ठि के कारण सरकारी खाते में दर्ज है। राजस्व रेकर्ड को दुरूस्त करने एवं अद्यतन करने की जिम्मेदारी रेस्पोडेन्ट की है। मात्र राजस्व रेकर्ड अद्यतन नहीं होने के कारण यह प्रकरण दायर किया गया है। उक्त भूमि

राजस्व अपील प्राधिकारी पाली

